संख्या-27/2016/वे0आ0-2-492/दस-16-08(मु0स0स0)/2011टी0सी0

प्रेषक,

अजय अग्रवाल,
सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

विशेष सचिव,
सचिवालय प्रशासन विभाग,
उत्तर प्रदेश शासन।

वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः 25 मई, 2016

विषय- उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900/- के 04 नये पद एवं निजी सचिव श्रेणी-4 ग्रेड वेतन रू0 8700/- के 02 नये पदों के सृजन से सम्बन्धित मुख्य सचिव समिति को संदर्भित प्रकरण पर समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900/- के 04 नये पद एवं निजी सचिव श्रेणी-4 ग्रेड वेतन रू0 8700/- के 02 नये पदों के सृजन से सम्बन्धित प्रकरण मुख्य सचिव समिति को संदर्भित हुआ। उक्त प्रकरण पर विचार किये जाने हेतु दिनांक 29 मार्च, 2016 को मुख्य सचिव समिति की बैठक सम्पन्न हुई।

2- मुख्य सचिव समिति की उपर्युक्त बैठक दिनांक 29 मार्च, 2016 का कार्यवृत संलग्न कर प्रेषित है। कृपया अवगत होना चाहें।

संलग्नक : उपरोक्तानुसार

भवदीय,
अजय अग्रवाल
सचिव।

संख्या-27/2016/वे0आ0-2-492(1)/दस-16-08(मु0स0स0)/2011टी0सी0, तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :--

(1) वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1
(2) कार्मिक नियमावली सेल, उत्तर प्रदेश सचिवालय।

आज्ञा से,
रमेश कुमार त्रिपाठी
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

मुख्य सचिव समिति की दिनांक 29 मार्च 2016 को सम्पन्न बैठक का कार्यवृत्त।

मुख्य सचिव समिति की सम्पन्न उपर्युक्त बैठक में निम्न अधिकारियों द्वारा भाग लिया गयाः–

(1) श्री राहुल भटनागर, प्रमुख सचिव, वित्त विभाग– सदस्य।
(2) श्री किशन सिंह अटोरिया, प्रमुख सचिव, कार्मिक विभाग– सदस्य।
(3) श्री प्रभात मित्तल, सचिव, सचिवालय प्रशासन विभाग– सदस्य।
(4) श्री अजय अग्रवाल, सचिव, वित्त विभाग– सदस्य–सचिव।

2. निर्धारित कार्य बिन्दुओं के अनुसार संघ की मॉग के संदर्भ में उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900 के 04 नये पद एवं निजी सचिव श्रेणी–4 ग्रेड वेतन रू0 8700 के 02 नये पदों के सृजन के विभागीय प्रस्ताव को समिति के विचारार्थ प्रस्तुत किया गया। उपर्युक्त प्रकरण के सम्बन्ध में मुख्य सचिव समिति की दिनांक 04 मार्च 2016 को सम्पन्न बैठक में निजी सचिव संवर्ग के संघ के अध्यक्ष श्री कृष्ण स्वरूप शर्मा को अपना पक्ष प्रस्तुत किये जाने का अवसर प्रदान किया गया था। संघ के प्रतिनिधि द्वारा उ0प्र0 सचिवालय सेवा में उपलब्ध पदोन्नति के अवसरों की तुलना के आधार पर प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900 के 04 नये पद एवं निजी सचिव श्रेणी–4 ग्रेड वेतन रू0 8700 के 02 नये पदों के सृजन किये जाने की मॉग प्रस्तुत की गयी थी।

3. समिति को निम्नानुसार अवगत कराया गयाः–

(1). उत्तर प्रदेश सचिवालय निजी सचिव संघ द्वारा अपने प्रत्यावेदन दिनांक 05 फरवरी 2016 में यह इंगित किया गया है कि अपर निजी सचिव के कुल 730 पद एवं समीक्षा अधिकारी के कुल 2014 पद सृजित हैं। समीक्षा अधिकारी पद के पदोन्नति के अवसरों की तुलना के आधार पर निम्न विवरण के अनुसार प्रधान निजी सचिव 04 पद एवं निजी सचिव श्रेणी–4 के 02 पद कम हैंः–

कम सं0	पदनाम/ ग्रेड वेतन	अपर निजी सचिव के सापेक्ष प्रतिशत	पदनाम/ ग्रेड वेतन	समीक्षा अधिकारी संवर्ग के पदों के सापेक्ष प्रतिशत	अभ्युक्ति
1	निजी सचिव श्रेणी–4 / ग्रेड वेतन रू0 8700	3.83 %	संयुक्त सचिव / ग्रेड वेतन रू0 8700	4.17 %	समान पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने हेतु निजी सचिव श्रेणी–4 के 30 पद होने चाहिए। वर्तमान में 28 पद हैं। अतः 02 पद निजी सचिव श्रेणी–4 के बढ़ना चाहिए।

2	प्रधान निजी सचिव / ग्रेड वेतन रू0 8900	1.23 %	विशेष सचिव / ग्रेड वेतन रू0 8900	1.73 %	समान पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराने हेतु प्रधान निजी सचिव के 13 पद होने चाहिए। वर्तमान में 09 पद हैं। अतः 04 पर प्रधान निजी सचिव के बढ़ना चाहिए।

(2) मुख्य सचिव समिति की दिनांक 07 अक्टूबर 2013 को सम्पन्न बैठक में दी गयी संस्तुतियों पर लिये गये निर्णय के क्रम में सचिवालय प्रशासन अनुभाग–2 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 08 नवम्बर 2013 द्वारा निजी सचिव/अपर निजी सचिव सेवा संवर्ग में निम्नलिखित विवरण के अनुसार 26 अतिरिक्त पदों का सृजन किया गया था:–

कम सं0	पदनाम/वेतन बैण्ड एवं ग्रेड वेतन	पदों की संख्या
1	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8900	02
2	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8700	04
3	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600	06
4	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600	10
5	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400	04
	योग–	**26**

(3) उत्तर प्रदेश सचिवालय के निजी सचिव/अपर निजी सचिव संवर्ग में नये पदों के सृजन के सम्बन्धित प्रकरण पर मुख्य सचिव समिति की दिनांक 18 मार्च 2015 को सम्पन्न बैठक में समिति द्वारा दी गयी संस्तुतियों पर वित्त विभाग के शासनादेश दिनांक 23 अप्रैल 2015 द्वारा निजी सचिव संवर्ग में अपर निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 4800 के 75 अतिरिक्त नये पदों का किया गया। उक्त निर्णय के क्रम में सचिवालय प्रशासन अनुभाग–2 (अधि0) के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11 मई 2015 द्वारा निर्गत किया गया।

(4) इसके उपरान्त निजी सचिव संवर्ग में पदों में अभिवृद्धि किये जाने के संदर्भित प्रकरण पर मुख्य सचिव समिति की दिनांक 09 जुलाई 2015 को सम्पन्न बैठक में विचार किया गया और विचारोपरान्त प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900 के 04 पद एवं निजी सचिव श्रेणी–4 ग्रेड वेतन रू0 8700 के 12 पदों की वृद्धि पर इस शर्त के अधीन संस्तुति की गयी कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी–एक (ग्रेड वेतन रू0 5400) से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी

प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा। मुख्य सचिव की उक्त संस्तुतियों पर मा0 मुख्यमंत्री जी का अनुमोदन प्राप्त करते हुए कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27 जुलाई 2015 निर्गत किया गया।

(5) उपर्युक्तानुसार पदों के सृजन के फलस्वरूप वर्तमान में उ0प्र0 सचिवालय में निजी सचिव/अपर निजी सचिव संवर्ग में उपलब्ध पदों का ढ़ॉचा निम्नानुसार हो गया है:–

कम सं0	पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड व ग्रेड वेतन	शासनादेश दिनांक 08 नवम्बर 2013 द्वारा किये गये पुनर्गठन के उपरान्त स्वीकृत पद	कार्यालय ज्ञाप दिनांक 11 मई 2015 के उपरान्त पदों की संख्या	कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27 जुलाई 2015 के उपरान्त पदों की संख्या
1	2	3	4	5
1	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ ग्रेड वेतन रू0 8900	05	05	09
2	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000/ग्रेड वेतन रू0 8700	16	16	28
3	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 7600	42	42	42
4	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 6600	82	82	82
5	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100/ ग्रेड वेतन रू0 5400	257	257	257
6	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800/ग्रेड वेतन रू0 4800	671	746	730 (16 पदों को समाप्त किये जाने के फलस्वरूप)
	कुल	**1073**	**1148**	**1148**

(6) उपर्युक्त निर्णय के उपरान्त सचिवालय सेवा संवर्ग एवं निजी सचिव संवर्ग के ढ़ॉचें में उपलब्ध पदों एवं उनका प्रथम स्तर के पदों के सापेक्ष प्रतिशत का तुलनात्मक विवरण निम्नवत् हो गया है:–

कम सं0	पदनाम/पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन	पदों की संख्या	अपर निजी	सचिवालय सेवा संवर्ग में उपलब्ध	समीक्षा अधिकारी

	बैण्ड व ग्रेड वेतन		सचिव के सापेक्ष प्रतिशत	पदों की संख्या	के पदों के सापेक्ष प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
1	अपर निजी सचिव, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 / ग्रेड वेतन रू0 4800	730	——	समीक्षा अधिकरी, वेतन बैण्ड–2 रू0 9300–34800 / ग्रेड वेतन रू0 4800 2014	——
2	निजी सचिव श्रेणी–1, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 / ग्रेड वेतन रू0 5400	257	35.20	अनुभाग अधिकारी, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 / ग्रेड वेतन रू0 5400 397	19.71
3	निजी सचिव श्रेणी–2, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 / ग्रेड वेतन रू0 6600	82	11.23	अनुसचिव वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 / ग्रेड वेतन रू0 6600 158	7.84
4	निजी सचिव श्रेणी–3, वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 / ग्रेड वेतन रू0 7600	42	5.75	उपसचिव वेतन बैण्ड–3 रू0 15600–39100 / ग्रेड वेतन रू0 7600 84	4.17
5	निजी सचिव श्रेणी–4, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 / ग्रेड वेतन रू0 8700	28	3.83	संयुक्त सचिव वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 / ग्रेड वेतन रू0 8700 80	3.97
6	प्रधान निजी सचिव, वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 / ग्रेड वेतन रू0 8900	09	1.23	विशेष सचिव वेतन बैण्ड–4 रू0 37400–67000 / ग्रेड वेतन रू0 8900 35	1.73
	कुल	**1148**	**57.24**	**2768**	**37.42**

(7) सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि सचिवालय सेवा में समीक्षा अधिकारी ग्रेड वेतन रू0 4800 के पदों के लिये उच्च ग्रेड वेतन के पद पर पदोन्नति के कुल अवसर 37.42 प्रतिशत हैं, जबकि निजी सचिव संवर्ग में समकक्ष ग्रेड वेतन के पद अपर निजी सचिव के लिये उच्च ग्रेड वेतन के पद पर पदोन्नति के कुल अवसर 57.24 प्रतिशत बनते हैं। इस प्रकार सचिवालय सेवा की तुलना में निजी सचिव संवर्ग में पदोन्नति के अधिक अवसर उपलब्ध

हैं। निजी सचिव संवर्ग में यद्यपि ग्रेड वेतन रू0 8700 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900 के स्तर पर पदोन्नति के अवसर सचिवालय सेवा में इसी ग्रेड वेतन के स्तर पर उपलब्ध पदोन्नति के अवसर से कम हैं।

4. उपर्युक्त तथ्यात्मक स्थिति के संदर्भ में प्रशासनिक विभाग द्वारा संदर्भित प्रस्ताव पर निम्नानुसार विचार किया गयाः–

(1) अपर निजी सचिव संवर्ग के प्रथम स्तर के पद अपर निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 4800 के पदों हेतु उच्च ग्रेड वेतन के पदों पर वर्तमान में उपलब्ध पदोन्नति के अवसर 57.24 प्रतिशत हैं, जबकि उ0प्र0 सचिवालय सेवा के समकक्ष ग्रेड वेतन के समीक्षा अधिकारी के पदों के लिये वर्तमान में उपलब्ध पदोन्नति के अवसर 37.42 प्रतिशत ही हैं। यद्यपि निजी सचिव श्रेणी–4 एवं प्रधान निजी सचिव के स्तर पर पदोन्नति के अवसर क्रमशः 3.83 प्रतिशत एवं 1.23 प्रतिशत ही है जबकि सचिवालय सेवा में इसी ग्रेड वेतन के स्तर के पद पर पदोन्नति के अवसर क्रमशः 3.97 प्रतिशत एवं 1.73 प्रतिशत हैं। इस प्रकार यद्यपि निजी सचिव श्रेणी–4 एवं प्रधान निजी सचिव स्तर पर पदोन्नति के अवसर उ0प्र0 सचिवालय सेवा की तुलना में कम हैं, परन्तु निजी सचिव संवर्ग में कुल पदोन्नति के अवसर उ0प्र0 सचिवालय सेवा के समीक्षा अधिकारी के पदों की तुलना में अधिक आकर्षक हैं। अतः पदोन्नति के अवसरों की तुलना के आधार पर नये पद दिये जाने का औचित्य नहीं बनता है।

(2) कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27 जुलाई 2015 द्वारा निजी सचिव संवर्ग में अपर निजी सचिव के 16 पदों को समाप्त करते हुए प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900 के 04 पद एवं निजी सचिव श्रेणी–4 ग्रेड वेतन रू0 8700 के 12 पदों की वृद्धि इस शर्त के अधीन की गयी थी कि आगामी 05 वर्षों के उपरान्त ही उ0प्र0 सचिवालय के निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी–एक (ग्रेड वेतन रू0 5400) से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा। अतः पूर्व में लिये गये निर्णय से विचलन करते हुए नये पदों के सृजन पर विचार किया जाना उपयुक्त नहीं है।

(3) कार्यालय ज्ञाप दिनांक 27 जुलाई 2015 में उल्लिखित उपर्युक्त इस शर्त कि निजी सचिव संवर्ग में निजी सचिव श्रेणी–एक (ग्रेड वेतन रू0 5400) से उच्च स्तर के पदों में अभिवृद्धि के किसी प्रस्ताव पर विचार किये जाने का अवसर बनेगा, में शिथिलता प्रदान करते हुए यदि विभागीय प्रस्ताव के अनुसार ग्रेड वेतन रू0 8700 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900 के अतिरिक्त पदों के सृजन पर विचार किया जाता है तो अन्य संवर्ग जिनमें भी इसी आशय का शर्त का समावेश है, द्वारा भी नये पदों के सृजन की मॉग की जायेगी, जिसे नकार पाना कठिन होगा।

(4) प्रशासनिक विभाग का प्रस्ताव मात्र ग्रेड वेतन रू0 8700 एवं ग्रेड वेतन रू0 8900 के स्तर पर उपलब्ध पदोन्नति के अवसर की तुलना के आधार पर संदर्भित किया गया है और प्रस्ताव संदर्भित करते समय विभागीय कार्यात्मक

आवश्यकता तथा अन्य संवर्गों द्वारा भी अतिरिक्त पदों के सृजन की संभावित मॉग के परिप्रेक्ष्य में परीक्षण नहीं किया गया है। विभागीय कार्यात्मक आवश्यकता का परीक्षण किये बिना मात्र पदोन्नति के अवसर उपलब्ध कराये जाने हेतु नये पदों के सृजन का औचित्य नहीं बनता है।

समिति की संस्तुतियॉ

5. उपरोक्त परिप्रेक्ष्य में सम्यक् विचारोपरान्त समिति की संस्तुतियॉ निम्नवत् हैं:–

(1) निजी सचिव संवर्ग में प्रधान निजी सचिव ग्रेड वेतन रू0 8900 के 04 नये पदों एवं निजी सचिव श्रेणी–4 ग्रेड वेतन रू0 8700 के 02 नये पदों को सृजित किये जाने के विभागीय प्रस्ताव को इसी स्वरूप में स्वीकार किये जाने का अवसर नहीं है।

(2) सचिवालय प्रशासन विभाग, विभागीय कार्यात्मक आवश्यकता के परिप्रेक्ष्य में संदर्भित प्रस्ताव का पुर्नपरीक्षण करें तथा परीक्षणोपरान्त नये पदों के सृजन का औचित्य पाये जाने पर प्रकरण पुनः संदर्भित किया जाय।

(राहुल भटनागर)
सदस्य।

(किशन सिंह अटोरिया)
सदस्य।

(प्रभात मित्तल)
सदस्य

(अजय अग्रवाल)
सदस्य–सचिव।

(आलोक रंजन)
अध्यक्ष।

दिनांकः 29 मार्च, 2016 ।